मोहन मुझे है भा गई तेरे चरणों की चाकरी भजन लिरिक्स

मोहन मुझे है भा गई,
तेरे चरणों की चाकरी,
दुनिया ने ठुकराया,
तेरे दर पे आ पड़ी,
मोहन मुझे है भा गयी,
तेरे चरणों की चाकरी।bd।

बंसी की धुन पे नाच रहा,
ये जहान है,
दुनिया का कर्ता धर्ता प्रभु,
मेरा श्याम है,
तेरे ही दर से अब तो,
संवर जाए ज़िन्दगी,
मोहन मुझे है भा गयी,
तेरे चरणों की चाकरी।bd।

हर पल मुझे हे श्याम,
तेरे दर्शन की आस है,
मेरी ये ज़िन्दगी हे प्रभु,
तेरी दास है,
जब तक जियूं तेरे चरणों में,
लगाऊं मैं हाजरी,
मोहन मुझे है भा गयी,
तेरे चरणों की चाकरी।bd।

दुनिया के ग़म का मारा हुआ,
मैं हूँ मेरे प्रभु,
अपनी शरण में ले लो मुझे,
चरणों में रहूं,
तेरे नाम के सहारे,
संवर जाए ज़िन्दगी,
मोहन मुझे है भा गयी,
तेरे चरणों की चाकरी।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

मोहन मुझे है भा गई,
तेरे चरणों की चाकरी,
दुनिया ने ठुकराया,
तेरे दर पे आ पड़ी,
मोहन मुझे है भा गयी,
तेरे चरणों की चाकरी।bd।

Singer – Mukesh Kumar

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com